This question paper contains 5 printed pages.]

*Your Roll No.* ....................

**8246** **A**

# B.Ed.

## Paper - V (*p*)

## GENDER, SCHOOL AND SOCIETY

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

***Note*** : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Answer **five** questions in all.*

***All** question carry equal marks.*

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. It is said in the National Policy of Education 1986 (with review of 1992) "Education will be deployed as a tool for basic change in situation of women. To mitigate contradictions and deformities continuing from past in the educational system and also will be given a clear tilt in favour of women. National education will make effective interventions so that women who were considered powerless will become capable and empowered. To establish new values effective co-operation of educational institutions will be taken to recreate educational material, teachers and administrators will be given retraining. It will be undertaken as an integral part of social reconstruction and treated as commitment. Studies related to women will be taken up as part of various curricular efforts. Educational institutions will be encouraged to take up effective programmes of women development."

Critically evaluate the above part of policy to bring out the nature of changes proposed in this regard and what is its view. What are the kind and type of interventions proposed in this regard? 15

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (1992 के संसाधनों सहित) में कहा गया है, ''शिक्षा का उपयोग महिलाओं की स्थिति में बुनियादी परिवर्तन लाने के लिए एक साधन के रूप में किया जाएगा। अतीत से चली आ रही विकृतियों और विषमताओं को खत्म करने के लिए शिक्षा व्यवस्था का स्पष्ट झुकाव महिलाओं के पक्ष में होगा। राष्ट्रीय शिक्षा ऐसे प्रभावी दखल करेगी जिनसे महिलाएं जो अब तक अबला समझी जा रही हैं, समर्थ और सशक्त हों। नए मूल्यों की स्थापना के लिए शिक्षण संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से पाठ्यक्रमों

तथा पठन-पाठन सामग्री की पुनर्रचना की जाएगी तथा अध्यापकों व प्रशासकों को पुनः प्रशिक्षित किया जाएगा। इस काम को सामाजिक पुनर्रचना का अभिन्न अंग मानते हुए इसे कृतसंकल्प होकर किया जाएगा। महिलाओं से सम्बन्धित अध्ययन को विभिन्न पाठ्यचर्याओं के भाग के रूप में प्रोत्साहन दिया जाएगा और शिक्षा संस्थाओं को महिला विकास के सक्रिय कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।''

नीति के उपरोक्त अंश की समीक्षा करते हुए बताएं कि वह महिलाओं की स्थिति में किस तरह परिवर्तन लाना चाहती है। इस परिवर्तन के सम्बन्ध में उसका नजरिया क्या है? कहां-कहां और किन-किन हस्तक्षेपों के जरिए वह यह बदलाव लाना चाहती है?

2. Evaluate work of women active groups on issues related to women. Discuss their contributions and limitations. 15

महिलाओं के मुद्दों पर काम करने वाले 'महिला सक्रिय समूहों' (वूमेन एक्शन ग्रुप्स) के कामों की समीक्षा करते हुए उनके योगदानों एवं सीमाओं की चर्चा करें।

3. If is popularly believed that knowledge plays a progressive role and important group of thinkers have put forth the view that knowledge plays a role of establishing dominance of power groups class and gender. Evaluate text books and curriculum of Indian schools in this context. 15

ज्ञान के सन्दर्भ में आमफहम यह धारणा है कि वह प्रगतिशील भूमिका अदा करता है पर विद्वानों के एक महत्त्वपूर्ण धड़े की स्थापना है कि ज्ञान वर्चस्वशील, हैसियतशुदा समूहों, वर्गों, तबकों एवं लिंग के प्रभुत्व को स्थापित करने का काम करता है।

भारतीय स्कूली पाठ्यचर्या एवं पाठ्यपुस्तकों के सन्दर्भ में इस कथन की समीक्षा करें।

4. It is said that school class is real laboratory of various inequalities present in education. Evaluate the above in the context of gender inequality. 15

यह कहा जाता है कि शिक्षा में व्याप्त विभिन्न तरह की असमानताओं की वास्तविक प्रयोगशाला कक्षा होती है। लिंग असमानता के परिप्रेक्ष्य में इस कथन की पड़ताल करें।

5. How does socialization of girls belonging to family of different religious background differ? How is it related to the process of establishing patriarchal system? Illustrate. 15

अलग-अलग धार्मिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों की लड़कियों का समाजीकरण किस तरह होता है और उसका सम्बन्ध पितृसत्ता को कायम करने वाली प्रक्रिया से कैसा होता है? समझाकर लिखें।

6. If can be generally expected that technical development and communication revolution shall engage with gender biased discrimination and its conventional image. During the last few decades how far is this expectation justified with regard to technical development and communication revolution. Discuss. 15

तकनीकी विकास एवं संचार क्रान्ति से यह आम उम्मीद हो सकती है कि वह लिंग आधारित असमानता एवं रूढ़िबद्ध छवि आधारित भूमिका से जूझे। पिछले कुछ दशकों में हुए तकनीकी विकास एवं संचार क्रान्ति इस उम्मीद पर कितनी खरी उतरती है। विवेचना करें।

7. While raising issues of attrocitites and violence against women, mass media at the level of language used show that they are under the spell of patriarchcal thinking. Give your comments on the above statement. 15

''जन-माध्यम (मासमीडिया) महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और हिंसा के मुद्दे उठाते समय भाषा के स्तर पर एवं मुद्दे के साथ बर्ताव के स्तर पर अक्सर पितृसत्तात्मक सोच की गिरफ्त में दिखते हैं।'' उपरोक्त कथन पर टिप्पणी करें।